पत्रांक......173....../पी0पी0ओ0
पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना ।
(बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, पटना)

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 31/12/2019

विषय:- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2019-20/पी0पी0ओ0 के प्रकाशन के संबंध में।

............

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2019-20/पी0पी0ओ0 की प्रतियाँ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य एवं राज्य के बाहर के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय साथ ही पी0आर0डी0 वेबसाईट पर भी प्रसारित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक:- यथोपरि ।

विश्वासभाजन,

(कृष्ण मुरारी सिन्हा),
पुलिस अधीक्षक(वितंतु)
बिहार, पटना

प्रतिलिपि:- 1. पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन) बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाये।

2. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना की सी0डी0 निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा PRD के website पर भी प्रसारित किया जाये।

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।
पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

# बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना

## निविदा सूचना संख्या- 01/2019-20/पी0पी0ओ0

| | |
|---|---|
| 1. विभाग का नाम:- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय,बिहार, पटना। |
| 2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता:- | पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना।<br>बिहार पुलिस रेडियो,मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर-612, बेली रोड,पटना। |
| 3. निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय:- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक 27.01.2020 के 1500 बजे तक। |
| 4. निविदा प्राप्ति का स्थान:- | विज्ञापनदाता का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, पी0पी0ओ0 कार्यालय 'डी' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नं0 603 बेली रोड, पटना- 800023 |
| 5. निविदा के तकनीकी भाग को खोलने की तिथि:- | दिनांक-27.01.2020 को 1600 बजे। |
| 6. अनुमानित राशि:- | रू0 25,00,000/-(रूपये पचीस लाख) से उपर। |
| 7. मद का नाम:- | सुरक्षा उपकरणों यथा DFMD, DSMD, HHMD, Dragon Light/Commando Light, Charger के मरम्मति में उपयोग हेतु आवश्यक पार्ट-पुर्जे, बैट्री एवं Tools आदि। इस निविदा द्वारा जिन सामानों के दर आमंत्रित किये जा रहे है, उनकी विस्तृत सूची एवं तकनीकी विवरणी निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस को बिहार पुलिस रेडियो संगठन, सरदार पटेल भवन, पी0पी0ओ0 कार्यालय 'डी' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नं0 603 बेली रोड, पटना से प्राप्त किये जा सकते हैं। सूची में वर्णित सामानों का वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए दर एवं फर्म का निर्धारण किया जायेगा एवं जब-जब जिन सामानों की जितनी आवश्यकता होगी, तब-तब उन सामानों को अनुमोदित दर पर अनुमोदित फर्म से क्रय किया जायेगा। |

### निविदा के नियम एवं शर्त

(1) इस मद में निविदाएँ सिर्फ बिहार मे स्थित इकाईयों या राज्य के बाहर उत्पादनरत् इकाईयों के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/विक्रेता/एजेण्ट/आपूर्तिकर्ता/प्राधिकृत डीलर के द्वारा ही दी जायेगी लेकिन सफल निविदादाताओं को कार्यादेश से पहले बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र देना होगा। अधिकृत विक्रेता/प्राधिकृत डीलर या एजेण्ट को उनके उत्पादनकर्ता फर्म का प्राधिकार पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदाकर्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम-131ञ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा।

(क) **तकनीकी भाग:-** जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों के साथ सभी तकनीकी ब्यौरा शामिल रहेगा।

(ख) **वित्तीय भाग:-** जिसमें तकनीकी भाग में शामिल की गयी इकाईयों को इकाईवार अलग-अलग मूल्य दर्शाया जायेगा।

(3) निविदा के तकनीकी भाग में निम्नलिखित अभिलेख संलग्न होने चाहिये:- (i) बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र (ii) पैन की छाया प्रति (iii) वित्तीय वर्ष-2016-17, 2017-18 एवं 2018-19का आयकर रिटर्न, (iv) चार्टेड एकाउटेंट द्वारा तैयार किया गया निविदाकर्ता फर्म का ट्रेडिंग अकाउण्ट /प्रोफिट एण्ड लॉस अकाउण्ट एवं बैलेंस शीट का अभिप्रमाणित प्रति मुहर सहित, (v) निविदा के तकनीकी भाग में कौन-कौन से अनुलग्नक संलग्न किये गये हैं उसकी सूची का उल्लेख फर्म के लेटर पैड पर करना अनिवार्य होगा तथा यह भी प्रमाण पत्र देना होगा कि अनुलग्न सभी कागजात उनकी जानकारी के अनुसार सही है।

निविदा के इस भाग में फर्म द्वारा प्रस्तावित कार्य की तकनीकी विवरणी वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख निविदाकर्ता द्वारा किया जायेगा। दरों की वैद्गता 31 मार्च 2020 तक होगी एवं आवश्यकता पड़ने पर बढ़ायी भ जा सकेगी। निविदित मद के लिए दी जाने वाली गारण्टी अवधि का भी उल्लेख निश्चित रूप से होना चाहिए।

(4) वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गई मद का इकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित होगा - (क) प्रस्तावित कार्य का मूल्य प्रति इकाई (ख) देय जी0एस0टी0 (ग) दर एवं जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य प्रति इकाई अंकों एवं शब्दों में साफ-साफ टंकित रहना चाहिए। दरों में किसी प्रकार का कटिंग/ओभर राइटिंग मान्य नहीं होगा।

(5) तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफाफों में सीलबंद होनी चाहिए एवं उन पर तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अंकित होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा एवं प्रकाशित निविदा की निविदा संख्या अंकित रहेगी। उसपर निविदाकर्ता अपना फर्म का नाम अंकित नहीं करेंगें। सीलबंद लिफाफा को उपरोक्त तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

(6) सुरक्षा उपकरणों के मरम्मति के लिए निविदा में मांगे गये सभी प्रकार के स्पेयर पार्ट-पुर्जे विविध निर्माता फर्म अथवा निर्माता फर्म के अधीकृत विक्रेता के द्वारा ही निविदा दी जा सकेगी।

(7) निविदा के साथ Earnest money deposit के रूप में 50,000.00/-रू0 (पचास हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट के रूप में पुलिस अधीक्षक(वितन्तु) बिहार, पटना के नाम बंधित कर जमा करना अनिवार्य होगा।

(8) निविदा में भाग लेने वाले फर्म इस आशय का Affidavit जमा करेंगे कि उनका फर्म किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी संस्था द्वारा Black listed/Debarred नहीं किया गया है एवं Sister Concern द्वारा इस निविदा में भाग नहीं लिया जा रहा है।

(9) मदों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, बेली रोड, पटना में ली जायेगी। इसके लिए अलग से पैकिंग, Forwarding, Insurance अथवा भाड़ा देय नहीं है और न हीं अग्रिम भुगतान का कोई प्रावधान है।

(10) निविदा के तकनीकी भाग निर्धारित समय एवं तिथि को बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, पटना में खोला जायेगा। उक्त अवसर पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(11) विपत्रों की भुगतान की कार्रवाई बिहार पुलिस रेडियो संगठन के तकनीकी दल के जाँचोपरान्त उनके प्रतिवेदन के बाद इस संगठन द्वारा स्वीकार करने के बाद ही प्रारंभ की जायेगी।

(12) उपरोक्त किसी भी बांछित सूचना एवं अभिलेखों को शर्तो के अनुसार वित्तीय भाग एवं तकनीकी भाग में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर निविदा बिना विचार किये तत्क्षण रद्द कर दिये जायेंगे। तकनीकी भाग में समर्पित अभिलेखों के आधार पर वैद्य पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय भाग खोली जायेगी और इस संबंध में विज्ञापनदाता का निर्णय ही सभी फर्मो के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें एवं वितन्तु, बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एवं बिना किसी सूचना के किसी भी समय निविदा को रद्द कर दें अथवा निर्धारित मदों में आवश्यकतानुसार वर्णित संख्या को घटा दे या बढ़ा दें।

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

D:\Tender No. 01-2019-20.docx